हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 30 दिसंबर 2025

04 सरस्वती शिशु मंदिर बीनागंज में "उड़ान-2025" के...



07 सट्टा किंग पर कार्रवाई: 10 करोड़ की तीन मंजिला होटल को किया...





## समाचार संक्षेप

### पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता को दी जन्मदिन की बधाइयां



**गुना।** 6 महीने पूर्व वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता के पिताजी के देवलोकगमन होने के कारण वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता ने अपना जन्मदिन हमेशा की तरह नहीं बनाया । फिर भी लोगो का सुबह से जन्मदिन की बधाई देने का ताता लगा ही रहा सुबह से ही जन्मदिन की बधाई देने का शहर वासियो का घर पर आना जाना लगा हुआ है ।

### अंत्योदय से राष्ट्र निर्माण तक भाजपा का संकल्प-सिकरवार

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के मंत्र को आधार बनाकर योजनाएँ तैयार करती है और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का कार्य करती है। जब योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राही तक पहुँचता है और उसके



जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है, तभी दीनदयाल जी का स्वप्न साकार होता है। ये बात भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने बमौरी विधानसभा के झागर मंडल के दो शक्ति केंद्रों की बूथ समितियों की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में चल रही डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से समाज के हर वर्ग के लोगों को फायदा मिल रहा है फलस्वरूप आज पूरे देश के ज्यादातर हिस्से में भारतीय जनता पार्टी का शासन है ।भाजपा संकल्प,सेवा और समर्पण के लिए प्रतिबद्ध-सिसोदियापूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि प्रदेश में हो रहे विकास कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं।

### राघौगढ़ में 10 लाख का लहान नष्ट, कंजर डेरों पर दी दबिश



**गुना।** जिला पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को राघौगढ़ थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने ग्राम राजपुरा और साकोन्या स्थित कंजर डेरों पर छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब निर्माण के नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान करीब 10 लाख रुपये मूल्य का 12,000 लीटर कच्चा लहान मौके पर ही नष्ट किया गया।भारी पुलिस बल के साथ दी दबिशएएसपी मानसिंह ठाकुर और एसडीओपी दीपा डोडवे के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई राघौगढ़ थाना प्रभारी एवं परिवीक्षाधीन डीएसपी आनंद कुमार राय के नेतृत्व में की गई। मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के बाद राघौगढ़, जामनेर, मधुसूदनगढ़ थानों और पुलिस लाइन के भारी बल ने एक साथ दोनों गांवों में दबिश दी। पुलिस की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन सर्चिंग के दौरान डेरों के आसपास गड्ढों और ड्रमों में भारी मात्रा में लहान और शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए।

### पुलिस ने निकाला हऊआ का दम, पुरानी चोरी और नए केस में था फरार कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा



**गुना।** शहर की कोतवाली पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए चोरी के एक मामले में करीब 8 महीने से फरार चल रहे शातिर आरोपी को धरदबोचा है। पकड़ा गया आरोपी न केवल वर्तमान चोरी के मामले में वांछित था, बल्कि एक अन्य पुराने प्रकरण में भी उसके खिलाफ लंबे समय से स्थाई वारंट जारी था।शादी समारोह के दौरान की थी चोरीमामला 29 अप्रैल 2025 का है, जब विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी अमर सिंह लोधा सपरिवार बेटी की शादी में गए थे। सूने घर का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने ताला तोडक़र सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए थे। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए अगस्त माह में दो आरोपियों, संतोष और बबलू कुशवाह को गिरफ्तार कर 75 हजार रुपये के जेवर बरामद किए थे। पूछताछ में सनी राजपूत और राजकुमार उर्फ हऊआ अहिरवार के नाम भी सामने आए थे, जो तब से ही फरार चल रहे थे।

# गुना में 69वीं 14 वर्षीय बालक राष्ट्रीय बॉक्सिंग मैचों का आज तीसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना जिले में 69वीं 14 वर्षीय बालक राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 26 से 31 दिसंबर 2025 तक कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल की उपस्थिति में उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित नोडल खेल केंद्र में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता में मैचों का आज तीसरा दिन है। प्रतियोगिता के पहले और दूसरे दिन में सेशन - 1,2 के बाउड्स कंप्लीट हो गए थे और सेशन - 3 के कुछ बाउड्स बचे थे, जिनको आज सुबह से कंप्लीट करने एक बाद क्वार्टर फाइनल सेशन - 4 के 44 बाउड्स कंप्लीट होने के बाद 28 से 30 किलो वजन वर्ग में 4 बाउड्स हुए जिनमें हरियाणा के सौरभ जांगड़ा, पंजाब के नितिन, तमिलनाडु के बजाई सीलन और छत्तीसगढ़ के तरुण कुमार ने जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। 30 से 32 वजन वर्ग में चार बाउड्स हुई जिनमें सीबीएससी वेलफेयर के निर्भय राजस्थान के यस,तमिलनाडु के डीएस खवीन और कर्नाटक के लिखित ने जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। 32 से 34 किलो वजन वर्ग में 4 बाउड्स हुई जिनमें राजस्थान के अंश, हरियाणा के वंश, सीबीएससी वेलफेयर के लोकेश और दिल्ली के मन्नम ने जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई।

34 से 36 किलो वजन वर्ग में 4 बाउड्स हुई जिनमें हरियाणा के निशांत पंजाब के सुभदीप झारखंड के आकाश और अरुणाचल प्रदेश के अगुंग नट्युंग ने जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई।



36 से 38 किलो वजन वर्ग में 4 बाउड्स हुई जिनमें हरियाणा के रोहन, महाराष्ट्र के स्वराज,राजस्थान के छत्रपाल और मणिपुर के नग्नथोइवा ने जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई ।38 से 40 किलो वजन वर्ग में 4 बाउड्स हुई जिनमें मध्यप्रदेश के गगन राजस्थान के अनुराज सीबीएसई वेलफेयर के कुणाल और हरियाणा के विवान भालवा ने जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। 40 से 42 किलो वजन वर्ग में 4 बाउड्स हुई जिनमें असम के आकाश, सीबीएससी वेलफेयर के हर्षिल,राजस्थान के गौरव और झारखंड के राहुल ने जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई।

42 से 44 किलो वजन वर्ग में 4 बाउड्स हुई जिनमें चंडीगढ़ के चायतान्या, दिल्ली के वीर, राजस्थान के कुशल और मध्यप्रदेश के अमृत ने जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। 44 से 46 किलो वजन वर्ग में 4 बाउड्स हुई जिनमें राजस्थान के वंश, मणिपुर के ओनीम, महाराष्ट्र के विराज दीपक और हरियाणा के अक्षत ने जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई।

46 से 48 किलो वजन वर्ग में 4 बाउड्स हुई जिनमें दिल्ली के श्याम,चंडीगढ़ के देव कुमार, हिमाचल प्रदेश के निशांत और उत्तर प्रदेश के इंसान्त ने जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई।

48 से 50 किलो वजन वर्ग में 4 बाउड्स हुई जिनमें अरुणाचल प्रदेश के समरान पंजाब के रन शेर राजस्थान के जयवर्धन और मणिपुर के विश्वास ने जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। भारत के सभी कोनों से आए हुए खिलाड़ी कोच एवं मैनेजरों के लिए शाम को मैच खत्म होने के बाद आयोजन समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

गुना में नेशनल बॉक्सिंग मैचों के बीच अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गरिमा टोप्पो, एसजीएफआई से ऑब्जर्वर शरद पंसारी, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग की हॉकी प्रशिक्षक सुनीता कंबर, सेवानिवृत उप पुलिस अधीक्षक गोपाल दास शर्मा, जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव अतुल लुंबा एवं सेवा निवृत खेल प्रशिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 व 2 के स्टाफ खिलाड़ियों को आशीर्वाद देने उपस्थित हुए।

### जहर खाकर अस्पताल में भर्ती हुई किशोरी की मौत युवक का शव भी मोहल्ले में मिला

# 25 वर्षीय युवक का चल रहा था 16 साल की लड़की से प्रेम प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की रसीद कालोनी में एक नाबालिग लड़की और युवक के द्वारा जहर खाने से मौत हो जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है। आरोप है कि 25 वर्षीय युवक का मोहल्ले की ही रहने वाली 15-16 वर्षीय बालिका से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीती शाम दोनों ने सल्फास की गोलियों का सेवन कर लिया। जिला अस्पताल में दौरान उपचार रात को लड़की की मौत हो गई। वहीं सुबह युवक भी कालोनी में मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। सुबह जिला अस्पताल में पुलिस की मौजूदगी में शवों का पोस्टमार्टम किया गया।

#### यह पूरा मामला

मिली जानकारी के अनुसार रसीद कालोनी में रहने वाले 25 वर्षीय युवक गणेश का मोहल्ले की ही एक नाबालिग युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। नाबालिग कक्षा 7 में पढ़ती थी। परिजनों की मानें तो पिछले 7-8 महीने से दोनों का प्रेम प्रसंग था। उन्होंने युवक व उसके परिजनों को समझाया भी था। बताया गया कि बीती शाम युवक, युवती के घर पहुंचा था, जहां दोनों ने जहर खा लिया। इस दौरान युवती के घर कोई नहीं था। जब मां और भाई घर पहुंचे तो, युवती उन्हें उल्टी करती मिली। इसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां रात करीब 9.30 बजे उसने दम तोड़ दिया।



#### लड़की की मौत की खबर लगने के बाद युवक अस्पताल से भागा

रात को लड़की की मौत की खबर लगने के बाद युवक अस्पताल से भाग गया था। इसके बाद सुबह वह कालोनी में बेहोशी की अवस्था में पड़ा मिला। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुबह दोनों पक्षों के लोग जिला अस्पताल में एकत्रित थे । इधर मृतक युवक के भाई ने कहा कि रात को पुलिस गणेश को ढूंढने घर आई थी, वह घर नहीं मिला तो हमारे एक दूसरे लड़के को पकड़कर ले गई। और उसके साथ मारपीट की और फिर रात को तीन बजे थाने लेकर पहुंची।वहीं मामले की जांच कर रही महिला पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामला नाबालिग से जुड़ा है, इसलिए पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले की जांच चल रही है।

## नववर्ष के अवसर पर विभिन्न धार्मिक स्थलों पर व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नववर्ष के अवसर पर विभिन्न धार्मिक स्थलों पर आयोजित होने वाले मेलों की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार सहित पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देश दिए कि जिले में नववर्ष के अवसर पर विभिन्न धार्मिक स्थलों पर मेले का आयोजन किया जाता है। नववर्ष 2026 के अवसर पर जिले के विभिन्न धार्मिक स्थानों में श्रृद्धालुओं के दर्शन एवं आवागमन को सुचारू रूप से क्रियान्वयन करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में भीड़ प्रबंधन के संबंध में विशेष निर्देश देते हुए कहा गया कि श्रद्धालुओं का प्रवेश और निकास अलग-अलग मार्गों से सुनिश्चित किया जाए, ताकि भीड़ का दबाव न बने और भगदड़ की स्थिति उत्पन्न न हो।बैठक में बताया गया कि आवश्यकतानुसार मेला स्थल पर वॉलेंटियर्स तैनात किए जाएंगे, जिन्हें कैप और सिटी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, सीसीटीव्ही, पर्याप्त पुलिस बल और अनाउंसमेंट वाहन की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर दुकानें लगाने या गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही मेला परिसर में आवारा पशुओं के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि नववर्ष के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो।




### पीएम श्री शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल शहरोक में लगाया स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर जिला गुना के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में पीएम श्री शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल शहरोक में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. रवि कुमार सोनी द्वारा 120 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उनमें जन्मजात विकृति कमियां, बीमारियों एवं विकासात्मक विलंबता की जांच कर उचित उपचार एवं रेफरल प्रदान किया गया। एनीमिया मुक्त भारत के अंतर्गत श्रीमती शिल्पी ओझा सीएचओ द्वारा सभी बच्चों की हीमोग्लोबिन की जांच की गई एवं किशोरी बालिकाओं की जांच की गई। डॉ.रवि कुमार सोनी द्वारा एनीमिक बच्चों को आयरन फोलिक एसिड की गोलियां भी प्रदान की गई। सीबीएमओ डॉ. के.एन. भीलवारे द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया एवं उचित मार्गदर्शन भी दिया गया। सबल सिंह (ग्रुप डी वर्कर) का भी विशेष सहयोग रहा शिविर में स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## लैंगिक समानता हेतु समावेशी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का किया जा रहा है आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास एवं सिनर्जी संस्थान के समन्वय से लैंगिक समानता हेतु गुना जिले में समावेशी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आज बमोरी में समावेशी कप का आयोजन किया गया। कप में कुल 6 टीमों ने भाग लिया जिसमें बमोरी तथा कॉलोनी टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया।कार्यक्रम के दौरान सहायक संचालक महिला बाल विकास विभाग श्री दिनेश कुमार चंदेल द्वारा बताया कि समावेशी कप एक टूर्नामेंट ही नहीं बल्कि यह समानता, सम्मान, और अवसर का मैदान हैं जहां लड़के एवं लड़कियां बराबरी के साथ खेलते हैं। श्री चंदेल ने केन्द्र सरकार प्रवर्तित योजना हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन के बारे में बताते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने एवं लैंगिक असमानता को समाप्त करना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। विभाग की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। आंगनबाडी केन्द्र बमोरी 4 में श्री चंदेल द्वारा प्रतिभागीयों को बाल विवाह मुक्त भारत अधिनियम का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बाल विवाह से होने बाले दुष्प्रभावों एवं बाल विवाह करने एवं शामिल होने पर की जाने बाली कार्यवाही के बारे मे बताया। उक्त प्रशिक्षण में पर्यवेक्षक वंदना रघुवंशी, रीता पटेलिया एवं शुभम श्रीवास्तव उपस्थित रहे।बमोरी थाना प्रभारी श्री दिलीप राजोरिया ने बताया कि यह एक बहुत अच्छी पहल है। जो लैंगिक असमानता जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिये समाज को जागरूक करेगा। टीमों को खेल भावना के महत्व के बारे मे बताते हुये कहा कि, खेल के दौरान निष्पक्षता, ईमानदारी, सम्मान और शिष्टाचार के साथ खेलना चाहिये चाहे आप जीतें या हारें इसमें विरोधियों और साथियों के प्रति सम्मान दिखाना, नियमों का पालन करना, और हार-जीत को गरिमा के साथ स्वीकार करना चाहिये, जिससे खेल का आनंद सिर्फ जीतने पर नहीं, बल्कि खेल की प्रक्रिया पर केंद्रित होता है।

### ऊमरी क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, दो युवकों की मौके पर ही हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के म्याना थाना अंतर्गत ऊमरी पुलिस चौकी क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक भीषण सडक़ हादसा हो गया। ग्राम नागेरा और खेरीखाता के बीच दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों बाइकों के चालकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना में कुछ अन्य लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं।आमने-सामने की भिडंत में उड़े परखच्चेप्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा दोपहर करीब 12:25 बजे उस समय हुआ जब खेरीखाता रोड पर दो बाइकें विपरीत दिशा से आ रही थीं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों वाहनों की गति अत्यधिक थी, जिसके कारण चालक संतुलन नहीं बना सके और गाडियां आपस में टकरा गईं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। आनन-फानन में दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### रोजगार उपलब्ध कराने का झांसा देकर दलाल के माध्यम से महाराष्ट्र के शोलापुर जिले के आसपास गन्ना कटाई कार्य हेतु ले जाया

# 26 श्रमिक सुरक्षित गुना लौटे, कलेक्टर के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना जिले के ग्राम अमरोद, उमरी, सिरसी एवं परसोदा के कुल 26 श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने का झांसा देकर एक दलाल के माध्यम से महाराष्ट्र के शोलापुर जिले के आसपास गन्ना कटाई कार्य हेतु ले जाया गया था। कार्य स्थल पर पहुँचने के बाद श्रमिकों को न तो अपेक्षित पारिश्रमिक मिला और न ही आवागमन अथवा स्वेच्छा से वापस लौटने की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसके कारण वे वहाँ फँस गए और अपने गृह जनपद वापस नहीं आ पा रहे थे।प्रकरण की जानकारी मिलते ही कलेक्टर गुना किशोर कुमार कन्याल ने मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशन में श्रम विभाग गुना द्वारा संबंधित जिलों एवं विभागों से समन्वय स्थापित कर त्वरित कदम उठाए गए।श्रम विभाग गुना के आशीष तिवारी श्रम पदाधिकारी, रामकुमार चौदहा श्रम निरीक्षक एवं मयंक भार्गव द्वारा निरंतर संपर्क, समन्वय एवं मैदानी प्रयासों के माध्यम से सभी 26 श्रमिकों को सकुशल गुना वापस लाया गया। सुरक्षित वापसी के उपरांत श्रमिकों की आवश्यकताओं का भी संज्ञान लिया गया।गुना आगमन के पश्चात सभी श्रमिक कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचे, जहाँ उन्होंने कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल से भेंट कर समय पर हस्तक्षेप एवं सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कलेक्टर कन्याल ने श्रम विभाग को निर्देशित किया कि इस प्रकरण में संलिप्त दलालों एवं मध्यस्थों के विरुद्ध प्रचलित श्रम कानूनों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिले में श्रमिकों को बहला-फुसलाकर बाहर ले जाने की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।



### दुष्कर्म का 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार, 9 माह से था फरार

**गुना।** जिले की फतेहगढ़ थाना पुलिस ने नाबालिग किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में बड़ी सफलता अर्जित की है। पुलिस ने करीब 9 महीने से फरार चल रहे 10,000 रुपये के इनामी आरोपी को देवास जिले से गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।मार्च में दर्ज हुआ था मामलाघटनाक्रम के अनुसार, 24 मार्च 2025 को एक 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मात्र चार दिनों के भीतर किशोरी को सुरक्षित बरामद कर लिया था। पीड़िता के बयानों में सामने आया कि ग्राम बोरपड़ाव (देवास) निवासी कन्हैया सोलंकी उसे बहला-फुसलाकर ले गया था और उसके साथ गलत काम किया। इसके बाद मामले में पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराएं बढ़ाई गई थीं।

## समाचार संक्षेप

### गुना विधायक से मिला कर्मचारियों का प्रतिनिधि मंडल


**गुना।** गत शाम को कर्मचारियों का एक प्रतिनिधि मंडल मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना के नेतृत्व में गुना विधायक श्री पन्नालाल शाक्य से मिला और कर्मचारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं पर सार्थक चर्चा की। विधायक श्री शाक्य ने कर्मचारियों की हर समस्याएं का समाधान करवाने का प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलाया! सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष रविप्रकाश व्यास और मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला सचिव संतोष सिंह परिहार ने बताया कि गत शाम को कर्मचारियों का



प्रतिनिधि मंडल गुना विधायक से मिला और कर्मचारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की क्रमोन्नति एरियर से वंचित कर्मचारियों को शीघ्र एरियर भुगतान करना, सेवानिवृत अधिकारी और कर्मचारियों को अर्जित अवकाश का शीघ्र भुगतान करना सहित कई मांगों पर हमारे प्रतिनिधि मंडल की विधायक से सार्थक चर्चा हुई है। प्रतिनिधि मंडल में संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना, सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष रविप्रकाश व्यास, राज्य कर्मचारी संघ जिला सचिव संतोष सिंह परिहार के अलावा राजकुमार रघुवंशी, ब्रजमोहन शर्मा और संघ के जिला प्रवक्ता सूरज शर्मा भी शामिल थे।

### सर्व मीणा समाज उत्थान संगठन, जिला गुना की कार्यकारिणी बैठक संपन्न, जिला पदाधिकारियों की घोषणा

**गुना।** सर्व मीणा समाज उत्थान संगठन, जिला गुना की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक हनुमान जी महाराज मंदिर, मोई खेजड़ा में आयोजित हुई। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह मीणा मुख्य अतिथि रहे। जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह मीणा द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिले के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। नवगठित टीम में आठ उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री, आठ मंत्री, आईटी सेल प्रमुख एवं जिला प्रवक्ता सहित कई पदों पर नियुक्तियाँ की गईं।घोषित पदाधिकारीगण— रणधीर सिंह मीणा (टगरिया कला), दशरथ



सिंह मीणा (शाका कला),महेंद्र सिंह मीणा (खानपुरिया), बद्रीलाल मीणा (घोरला खेड़ी),हल्कूराम मीणा (राम का पूरा),रामदयाल मीणा (तलवाड़ा),रामस्वरूप मीणा (गेहूंखेड़ी), राजेंद्र सिंह मीणा (रतोधना),ओमप्रकाश मीणा (रानी खेजड़ा),राम भरोसा – सरपंच (ऊँचा खेजड़ा),बबलू मीणा (कुंभराज), श्रीलाल मीणा (आमलिया),गिरिराज मीणा (नाथू का पूरा), वल्लभ मीणा – सरपंच (कुदारा),बबलू मीणा (नारायणपुरा), रामदयाल मीणा (कुंजा खेड़ा),तखत सिंह मीणा – सरपंच (कुदारी), गणपत सिंह मीणा – पूर्व सरपंच (बरखेड़ा कला),जगदीश सिंह मीणा (बांसखेड़ी),रघुवीर सिंह मीणा – सरपंच (गुलवाड़ा),चंदन सिंह मीणा-सरपंच (अली खेड़ी) बैठक में संगठन को मजबूत करने, समाजहित में गतिविधियों के विस्तार तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गई। नेतृत्व ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दी।

# सरस्वती शिशु मंदिर बीनागंज में "उड़ान-2025" के साथ नन्हे पंखों ने भरी ऊंची उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांचौड़ा





सरस्वती शिशु मंदिर, बीनागंज में फाउंडेशनल स्टेज के छात्रों का वार्षिक रंगमंचीय कार्यक्रम "उड़ान–2025 : नन्हे पंख, बड़े सपने" हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नन्हे विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास, सृजनशीलता और सांस्कृतिक मूल्यों से परिपूर्ण मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित जनसमूह का मनमोह लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री आदर्श रामलीला समिति, बीनागंज के सम्मानित अध्यक्ष, कला के क्षेत्र में विशेष रुचि रखने वाले एवं वरिष्ठ पत्रकार दिनेश भार्गव की गरिमामयी उपस्थिति रही उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के मंच बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बच्चों की प्रस्तुतियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और संस्कारों की झलक स्पष्ट दिखाई दी कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने की इस अवसर पर विद्यालय संचालन समिति के सचिव राघव सोनी एवं विद्यालय के प्राचार्य पीयूष राठौड़ भी मंचासीन रहे साथ ही विद्यालय संचालन समिति के सम्मानीय पदाधिकारी एवं सम्मानीय सदस्य उपस्थित रहे अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि मंच संचालन भी छोटे-छोटे विद्यार्थियों द्वारा ही किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया नन्हे संचालकों(एंकरों) ने पूरे कार्यक्रम का संचालन अत्यंत आत्मविश्वास और सधे हुए अंदाज़ में किया।

रंगमंचीय प्रस्तुतियों में नृत्य, नाट्य, गीत एवं भावाभिनय के माध्यम से बच्चों ने अपने कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने तालियों की गूंज के साथ सराहा समस्त प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं उपहार भी प्रदान किया गया ।इसी अवसर पर विद्यालय परिसर में भव्य बालमेला का भी आयोजन किया गया। बालमेले का विधिवत उद्घाटन SDOP चाचौड़ा श्री मनोज जी ओझा द्वारा किया गया उन्होंने विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि बालमेला बच्चों में नेतृत्व, सहयोग एवं व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने का उत्तम माध्यम है।बालमेले में विद्यार्थियों के लिए फूड जोन एवं गेम जोन की आकर्षक व्यवस्था की गई थी, जहाँ बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की ।

उल्लेखनीय है कि बालमेले का आयोजन छात्र संसद द्वारा किया गया, जिससे विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी एवं टीमवर्क का विकास हुआकार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया संपूर्ण आयोजन अनुशासन, संस्कार एवं आनंद से परिपूर्ण रहा, जिसने विद्यालय की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को और अधिक सुदृढ़ किया।

# शहीदों की स्मृति में जिला स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट जारी

## पुलिस लाइन आरोन व अर्पित 11 गुना विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

राजा बलभद्र स्टेडियम में शहीद पुलिस जवानों की शहादत की पावन स्मृति में आयोजित जिला स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट (द्वितीय संस्करण) पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ जारी है। टूर्नामेंट में बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही।आयोजक नीतीश पटवा एवं अतुल रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि राउंड–2 के अंतर्गत पहला मुकाबला थाना प्रभारी पंकज कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस लाइन आरोन टीम एवं बालाजी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में पुलिस लाइन आरोन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।मैच प्रारंभ होने से पूर्व राष्ट्रीय गीत "जन गण मन" का सामूहिक गायन किया गया। इसके उपरांत खिलाड़ियों, आयोजकों एवं दर्शकों द्वारा शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद दोनों टीमों के कप्तानों के बीच टॉस कराया गया और खेल की शुरुआत हुई।रात्रि में खेले गए दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जलालपुर अशोकनगर एवं अर्पित 11 गुना की टीमें आमने-सामने रहीं। इस मुकाबले में अर्पित 11 गुना ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और अगले दौर में प्रवेश किया। आज रात को क्वार्टर फाइनल के फिर दो मुकाबले राहुल 11 गुना व एसवीएम स्कूल गुना एवं आरोन11 कृष्ण रीवा आईटी आई के मध्य खेले जाएंगेआयोजकों ने क्षेत्र के समस्त खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए आगामी मुकाबलों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप खेल आयोजन को सफल बनाने की अपील।



# बीनागंज से संत अभिराम दासजी त्यागी महाराज के आशीर्वाद से निकली पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांचौड़ा

चाचौड़ा बीनागंज के विमल भार्गव रामटेकरी, दिव्य संत गुरुदेव श्री अभिराम दास त्यागी महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से 27 दिसंबर को अपने दो साथियों के साथ पैदल ओरक्षा सरकार के दर्शन के लिए रवाना हुए। यात्रा से पूर्व उन्होंने वीनागंज के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन किया।नववर्ष के अवसर पर ओरक्षा पहुंचकर रामराजा सरकार के दर्शन करना उनके लिए अत्यंत आध्यात्मिक एवं महत्वपूर्ण अनुभव होगा। भार्गव इससे पूर्व भी तीन बार पदयात्रा कर चुके हैं, यह उनकी चौथी पदयात्रा है। पदयात्रा बीनागंज से प्रारंभ होकर कल गुना पहुंची, जहां यात्रियों के लिए रुकने-ठहरने की समुचित व्यवस्था की गई तथा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा उनका स्वागत-सत्कार किया गया।आज यात्रा का रात्रि विश्राम लुकवासा में निर्धारित है। आगामी दिनों में यह दल सतत पैदल यात्रा करते हुए नववर्ष के दिन ओरक्षा पहुंचेगा।





# रुठियाई जंक्शन पर पार्किंग एरिया में मूत्रालय नहीं होने से गंदगी बढ़ रही है, विजय कुमार जैन ने मंडल रेल प्रबंधक को पत्र भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़



सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के सदस्य विजय कुमार जैन ने मंडल रेल प्रबंधक भोपाल पंकज त्यागी को भेजे पत्र में उल्लेख किया है कि रुठियाई जंक्शन स्टेशन पर अमृत भारत योजना के अंतर्गत पार्किंग एरिया में वर्षो से जो मूत्रालय था उसे हटा दिया गया है।

मूत्रालय को हटा देने से यात्रीगण दीवाल के सहारे मूत्र विसर्जन कर रहे हैं। जिससे निरंतर गंदगी बढ़ रही है। विजय कुमार जैन ने पत्र में लिखा है कि पिछले लगभग 2 वर्ष से रुठियाई जंक्शन स्टेशन पर अमृत भारत योजना के अंतर्गत लगभग 20 करोड रुपए के निर्माण कार्य चल रहे हैं। निर्माण कार्यों की गति धीमी होने से निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो रहे हैं। जबकि भोपाल मंडल के अन्य स्टेशनों पर अमृत भारत योजना के कार्य पूर्ण हो गए हैं। अपने पत्र में उल्लेख किया है अमृत भारत योजना के अंतर्गत रुठियाई रेल स्टेशन पर आरक्षित श्रेणी का प्रतीक्षालय बनाया गया है। उक्त प्रतीक्षालय को रेल यात्रियों के लिए आज तक नहीं खोला गया है। गत चार दिन पूर्व राघौगढ़ के डॉक्टर संतोष जैन सपरिवार रात्री में रुठियाई से ग्वालियर की यात्रा के लिए स्टेशन पहुंचे। भीषण सर्दी में उन्होंने जानना चाहा कि यात्री प्रतीक्षालय क्यों बंद है तो बताया गया कि यात्री प्रतीक्षालय पर ठेकेदार का ही ताला लगा हुआ है ठेकेदार ने उक्त यात्री प्रतीक्षा वालों को अभी रेल विभाग को नहीं सोप है। समाजसेवी अमित जैन सेंकी अध्यक्ष जैन मिलन रुठियाई ने बताया है अमृत भारत योजना के अंतर्गत प्लेटफार्म के बाहर जो लाइटें लगाई गई हैं ।उनको मात्र एक बार चालू कर बंद कर दिया गया है। आम यात्रियों की सुविधा के लिए पार्किंग एरिया में उक्त लगाई गई लाइटें चालू की जायें।, विजय कुमार जैन ने मांग की है कि पार्किंग एरिया में पूर्व की भांति पुनः सार्वजनिक पेशाब घर बनाया जाए।

आरक्षित श्रेणी का यात्री प्रतीक्षालय खोला जाए। पार्किंग एरिया में प्रकाश के लिए जो लाइटें लगाई गई है उन्हें चालू किया जाए।साथ ही अमृत भारत योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। आपने पत्र की प्रतिलिपि दिग्विजय सिंह पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद राज्यसभा, जयवर्धन सिंह पूर्व मंत्री एवं विधायक राघौगढ़, शोभना बंदोपाध्याय महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे परिमंडल जबलपुर, सौरभ कटारिया वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक भोपाल को भी भेजी हैं।


# लगान क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित मैत्री कप सीजन 5 में प्रतियोगिताएं हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

लगान क्रिकेट क्लब अशोकनगर के द्वारा मैत्री कप सीजन 5 का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राउंड पर खेले जा रहे जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को तीन मुकाबले खेले गए।

पहला मैच लगान 11 और कॉमर्स शिक्षा अकैडमी डी कंपनी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लगान 11 ने निर्धारित 10 ओवर में शानदार प्रदर्शन करते हुए 111 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कॉमर्स शिक्षा अकैडमी डी कंपनी 88 रन ही बना पाई। लगान 11 ने यह मैच 23 रन से जीत लिया जिसमें मैन ऑफ द मैच बिट्टू पंकज रहे जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी की। दिन के दूसरे मैच सुकून रघुवंशी 11 और रक्षा मोबाइल एस राधाकृष्णन स्कूल के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए रक्षा मोबाइल राधाकृष्णन स्कूल ने निर्धारित 10 ओवर में मात्र 75 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सुकून रघुवंशी 11 ने 9.2 ओवर लक्ष्य हासिल कर लिया । इस मैच के मैन ऑफ द मैच गिर्राज शर्मा रहे। दिन के तीसरे और अंतिम मैच में विजेता 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 94 रन बनाए। कॉमर्स शिक्षा अकैडमी डी कंपनी मात्र 76 रन ही बना सकी और 18 रन से मैच हार गई मैच के मैन ऑफ द मैच राजा खान रहे।



### नपा अध्यक्ष ने वार्ड 12 में 20 लाख के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया

अशोकनगर। सोमवार को वार्ड क्रमांक 12 के निवासियों को एक महत्वपूर्ण सौगात मिली जब 20 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पार्षद रचना मनीष धुरेंटे ने परिषद के पार्षद साथियो के साथ भूमि पूजन किया गया। यह निर्माण कार्य ब्रजेश पेंटर वाली गली एवं वार्ड की विभिन्न गलियों मे सीसी सड़क एवं नाली निर्माण किया जाएगा, जिसके तहत सी.सी. (कंक्रीट) सड़क और नाली निर्माण का कार्य शामिल है। इस परियोजना से क्षेत्र में बेहतर आवागमन और जल निकासी की सुविधा मिलेगी, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पार्षद नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, डॉ जयमंडल यादव, धर्मेंद्र रघुवंशी (सावन), गीता आर्य, वपिन शिवहरे, मनीष धुरेंटे, धर्मेंद्र रघुवंशी (खेजरा ), योगेश खेरा, गोपाल ओझा नगर पालिका से सी.एम.ओ विनोद उन्नीतान उपयंत्री गौरव ठाकुर सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहें।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, क्रूरतापूर्वक पशुओं से भरा ट्रक जब्त, 62 भैंसों को कराया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेहराई उनि. धर्मेश दांगी द्वारा क्रूरतापूर्वक पशुओं से भरा ट्रक जप्त कर 62 भैंसों को मुक्त कराया गया है।

उल्लेखनीय है कि बीती रात को थाना सेहराई अंतर्गत एक्सीडेंट की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर थाना प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के द्वारिका ढाबा स्थल पर पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया गया। मौके पर एक कार (अर्टिगा) क्षतिग्रस्त अवस्था में खड़ी पाई गई। फरियादी के कथन अनुसार एक टाटा कंपनी का ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 5280 द्वारा दुर्घटना कारित की गई थी। प्रकरण में ट्रक चालक के विरुद्ध देहाती नालसी के आधार पर अपराध क्रमांक 0/25 अंतर्गत धारा 281, 125(ए) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया। सूचनाकर्ता तथा उसके साथियों द्वारा बताया गया कि ट्रक चालक एवं उसका सहयोगी घटना के बाद मौके से फरार हो गए। मौके पर ट्रक की जांच करने पर पाया गया कि उसमें क्रूरतापूर्वक कुल 62 नग छोटी-बड़ी भैंसों को गर्दन व पैरो मे रस्सी से बांधकर निर्दयतापूर्वक भरा हुआ था। आरोपीगणों का उक्त कृत्य पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा एवं म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 1959 की धारा के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने से आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।





# ऐतिहासिक और अतिभव्यता से हुई दुर्लभ सागर की आगवानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर

राजपुर में मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज की भव्य आगवानी हुई, सभी समाज और सभी धर्मो के लोगों ने हापाखेड़ी पहुंच कर मुनि श्री की आगवानी की। सभी धर्मो के लोगों ने अपने अपने घरों के आगे रंगोली बनाई, मुनि श्री के पाद प्रक्षालन किए, आरती की गई, जगह जगह फूल बरसाए गए। यह जुलूस हापाखेड़ी से सुबह 9 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें सबसे आगे 20,25 ट्रैक्टर चल रहे थे जिस पर धर्मध्वज और मुनि श्री की तस्वीर लगाई गई, ट्रैक्टर के पीछे डीजे, ढोल ताशे, सेवादल के ढोल चल रहे थे, इसके पीछे महिला मंडल की महिलाएं सिर पर कलश रख कर चल रही थी, उल्लेखनीय है कि 31 दिसंबर से महाराज जी के सानिध्य में राजपुर में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है, गौशाला संचालक सुमित जैन (विक्की) ने मीडिया की द्वारा सभी से धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# कदवाया से गोला कोट तीर्थ क्षेत्र की ओर मुनि संघ ने किया पदविहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागर महाराज ससंघ का करवाया से निकट ही खनियांधाना के लिए मंगल विहार हो गया जहां मुनि संघ का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इसके पहले पचराई तीर्थ क्षेत्र में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागर महाराज ने कहा कि जव भी तीर्थ क्षेत्र का विकास होगा तो कुछ न कुछ तो करना पड़ेगा पहले यह तीर्थ नहीं थे ये मन्दिर ही थे यहां से समाज का पलायन हो गया और जो आपके पूजा स्थल थे नशियां थी उन्हें तीर्थ के रूप में विकसित किया जाने लगा तीर्थ के साथ ही कुछ अन्य चीजों की आवश्यकता होती है फिर वहां भक्तो को रहने के लिए आवासीय व्यवस्थाओ केसाथ संतशाला भोजनशाला आदि की सुविधा उपलब्ध कराना जरूरी हो जाता है किसी भी स्थान को एक क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए ये कुछ सुविधा ये जरूरी और समाज को मिलकर इनका विकास करना चाहिए ये विकास बाद है समाज से आगे बढ़कर आप तीर्थ का रूप दूना चाहते हैं तो इतना तो करना ही चाहिए।



**ध्यान गुणवान का किया जाता है और पूजा उपकारी की जाती है:** उन्होंने कहा कि ध्यान गुणवान का किया जाता है और पूजा उपकारी की जाती है उपकारी की पूजा की जाती है उनका जाप होता है चिन्तन होता है अशोक नगर की त्रिकाल चैबीस का वस्तु ऐसा है जो आज नगर की समृद्धि देख रहे हैं आगे उसका प्रभाव और अधिक देखने को मिलेगा ऐसे ही आपके खनियांधाना नगर में अभी जो ये प्रतिमा जव तिलक दान के लिए अशोक नगर में आई थी तव ही मैंने कहा था कि ये ऐसी प्रतिमा है कि ये जहां भी जायेगी वह अपना प्रभाव दिखायेंगी अभी तो प्रभु की प्रतिष्ठा वाकी है आगे आप देखना इस प्रतिमा की प्रतिष्ठा के बाद इस नगर की सभी तरह से समृद्धि किस तरह से बढ़ती चली जायेगी



### तहसील ईसागढ़ में शासकीय भूमि को कराया अतिक्रमण से मुक्त

अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार अनुविभागीय राजस्व अधिकारी ईसागढ त्रिलोचन गौड़ द्वारा तहसील ईसागढ़ स्थित सर्वे क्रमांक 880/1/2 रकबा 1 हेक्टेयर भूमि जिस पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित है, उक्त भूमि से सोमवार को अतिक्रमणकर्ता राजकुमार सेन एवं ख्यालीराम कुशवाह से लगभग 2000 वर्गफुट जिसका बाजार मूल्य लगभग 50 लाख रूपये है। उक्त भूमि को तहसीलदार ईसागढ़ रोहित रघुवंशी, नायब तहसीलदार ऋतु परमार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ईसागढ़, पटवारी संजीव शर्मा एवं नगरपालिका की टीम द्वारा अतिक्रमण युक्त संरचना को हटाकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।

# महाविद्यालय में ऑनलाइन वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ

एसइबीआई के फायनेंसियल एजुकेशन इनिटिएटिव के अंतर्गत यूडूफिन्न द्वारा शनिवार को महाविद्यालय में एक ऑनलाइन वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वित्तीय नियोजन, बचत, निवेश, बीमा तथा डिजिटल वित्तीय सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 50 विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में उपस्थित रहकर तथा लगभग 40 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और उपयोगिता और अधिक बढ़ी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य अमित भार्गव के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## 100 पुलिसकर्मी, 2 जेसीबी मशीन के साथ वीडियोग्राफी कर ड्रोन कैमरों से नजर रखी गई

# सट्टा किंग पर कार्रवाई: 10 करोड़ की तीन मंजिला होटल को किया गया जमीदोज





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सटटा किंग आजाद खान के 3 मंजिला आजाद पैलेस होटल को जिला प्रशासन ने जेसीबी मशीनों से ढहाने की कार्यवाही शुरू की, दोपहर 3 बजे से जेसीबी मशीनों को लगाया गया। लम्बे चौड़े इस होटल को ढहाने से पहले सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, पहले होटल की जांच पड़ताल की गई। उसके बाद तोड़ने की कार्यवाही शुरू हुई, अशोकनगर शहर में पहली बार इस तरह की कार्यवाही होती नजर आई है। आजाद खान के फैलते ऑनलाईन सटटे के कारोबार के बाद यह कार्यवाही की गई।

आजाद खान पर प्रशासन का शिंकजा लगातार कसता आ रहा था। सोमवार को प्रशासन ने आजाद पैलेस होटल को ढहाने की कार्यवाही शुरू की। होटल के आसपास के सारे रास्तों को बैरीकेटस से बंद किया गया, ड्रोन कैमरों की मदद ली गई, मौके पर वीडियो ग्राफी की गई, 100 से अधिक पुलिसकर्मी लगाए गए। होटल गिराने की इस कार्यवाही के दौरान मौके पर एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार भारतेन्दु यादव, एसडीओपी विवेक शर्मा, और सीएमओ विनोद उन्नीतान की मौजूदगी रही। जिस स्थान पर यह होटल है वह स्थान पुराने वस स्टेण्ड के नाम से जाना जाता है यह होटल जिस जगह बना है उस स्थान के आस पास के सारे रास्तों और गलियों को बैरीकेटस से बंद किया गया था।

**दोपहर 3 बजे से होटल को गिराने की कार्यवाही शुरू हुई:** दोपहर 2 बजे प्रशासन पहुंचा और 3 बजे से होटल को ढहाने की कार्यवाही शुरू हुई। पूरे दिन यह कार्यवाही चलती रही। इस होटल को गिराने की कार्यवाही देखने के लिए शहर के लोगों की भीड़ देखी गई, सडक पर लोग कार्यवाही देखते हुए नजर आए। शाम 6 बजे तक होटल का आधा हिस्सा गिराया जा चुका था, शेष हिस्से को गिराने की कार्यवाही चलती रही।

**पहले होटल खाली कराया,जांच की उसके बाद कार्यवाही शुरू हुई:** अशोकनगर शहर में इस तरह का पहला मामला सामने आया है जब अवैध





कार्यों में लगे आजाद खान पर यह कार्यवाही की गई। सटटा किंग आजाद खान पर जो कार्यवाही की गई है उसमें कहा गया है कि आजाद खान द्वारा निर्माण के दौरान नियमों का पालन नहीं किया। एक दिन पहले ही प्रशासन की कार्यवाही होटल को लेकर शुरू हो गई थी जिसमें होटल संचालक को होटल खाली करने के निर्देश दिए गए थे जिसके बाद से होटल का सामान खाली होना प्रारंभ हो गया था। तब से ही यह तय हो गया था कि सोमवार को दोपहर से इस होटल को गिराने की कार्यवाही शुरू हो सकती है। आजाद खान अशोकनगर शहर में एक बडा नाम पिछले 15 वर्षों में उभरकर सामने आया। वह कितने करोड़ का आसामी है इसका अता पता नहीं है लेकिन कैसे वह कुछ सालों में ही सटटा किंग बन गया।

गुना में सटटे के कारोबारियों के पकड़े जाने के बाद यह ऑनलाईन सटटे का कारोबार उजागर हुआ था। सटटा किंग के ऑनलाईन कारोबार का खुलासा तब हुआ था जब गुना के सटटे के कारोबारियों को जब पकड़ा गया था तब इसकी जानकारी सामने आई थी जिसके बाद आजाद खान के बैंक ट्रांजेक्शन के जरिए प्रशासन की नजर में यह मामला सामने आया कि ऑनलाईन कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जिन जिन खातों से लेन देन किया गया था उसका रिकार्ड भी जप्त किया गया था।

**नगरपालिका द्वारा बिना अनुमति को लेकर दिया गये थे नोटिस :** आजाद पैलेस के अवैध निर्माण के संबंध में नगरपालिका अशोकनगर द्वारा धारा 187 के तहत नोटिस जारी किए गए थे इसमें बिना अनुमति तलघर बनाने, आगे एवं पीछे पर्याप्त ओपन स्पेस न छोड़ने तथा धारा 359 के तहत होटल संचालन में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, फायर एनओसी, रेनवाटर हार्वेस्टिंग न होने से नगर पालिका द्वारा नोटिस 8 दिसंबर ,10 दिसंबर एवं 19 दिसंबर 2025 को जारी किए गए थे। होटल संचालक द्वारा नियत समय में कोई पूर्ति नहीं की गई। इसके उपरांत अंतिम सूचना पत्र 24 दिसंबर 2025 को अवैध निर्माण को खाली कर स्वयं हटाने के संबंध में जारी किया गया था। साथ ही आजाद पैलेस पर विद्युत मंडल का 05 लाख रूपये की राशि का विद्युत बिल बकाया था।

**आजाद खान के पिस्टल का लायसेंस निरस्त किया:** पुलिस ने आजाद खान के 32 बोर के पिस्टल का लायसेंस निरस्त कर दिया और नोटिस जारी कर पिस्टल थाने में जमा कराई गई थी। इस समय आजाद खान जेल में बंद है। दो सगे भाईयों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप आजाद खान के विरूद्ध दो सगे भाईयों द्वारा की गई आत्म हत्या के मामले में भी उकसाने का आरोप लगा था। जिसके बाद मामला दर्ज किया गया।

**फार्म हाउस पर बुल्डोजर से कार्रवाई की गई** सटटा किंग के फार्म हाउस पर बुल्डोजर की कार्यवाही की गई और कोलुआ गांव में जेसीबी मशीनों से इस फार्म हाउस में बनी बिल्डिंग को ढहाया गया था। यहां लोक निर्माण विभाग की सड़क से 75 फीट दूरी छोड़ना अनिवार्य था लेकिन नियमों का उल्लंघन कर निर्माण किया गया था जिसके अवैध हिस्से को तोडा गया था। केजीएन साख सहकारी संस्था पर भी विश्वास सारंग ने जांच के निर्देश दिए इसके अलावा साख सहकारी संस्था केजीएन पर भी कार्यवाही की गई और मध्यप्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने इसके लेनदेन पर रोक लगाते हुए इस सोसाइटी के जांच के निर्देश दिए थे। जिला पंजीयक मुकेश जैन द्वारा भी उक्त संस्था पर पंजीयन निरस्त करने की कार्यवाही की गई।

### नियमों का पालन नहीं

आजाद होटल के निर्माण के दौरान नियमों का पालन नहीं किया गया था जिस पर नगरपालिका के माध्यम से कार्रवाई की गई। यह होटल आजाद खान, साहिद और राशिद खान के नाम था। इसके पहले कोलुआ में फार्म हाउस पर बिना अनुमति के निर्माण करने और डायवर्सन न होने को लेकर हटाने की कार्रवाई की गई।

**शुभ्रता त्रिपाठी** एसडीएम अशोकनगर



# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अपर कलेक्टर डी. एन. सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में बैठक में संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, बृजबिहारी लाल श्रीवास्तव एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थें।

बैठक में यातायात नियमों के पालन, सड़क चिन्हों की स्थिति, दुर्घटनारोधी उपाय और जागरूकता कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसके अलावा, लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने पर भी जोर दिया जाए। चिन्हित किए गए ब्लेक स्पॉटों पर सुधारात्मक कार्यवाही करने, स्कूल बसों एवं यात्री बसों की जांच, वाहनों का फिटनेस और परमिट चैक किया जाए। सड़कों के घुमावदार मोड़ पर संकेतक, रिफलेक्टर, चेतावनी बोर्डों की स्थिति की नियमित समीक्षा तथा खराब सड़कों की तुरंत मरम्मत कराई जाए। परिवहन विभाग बिना हेलमेट और ओवरस्पीड वाहनों के खिलाफ सतत कार्रवाई करें।

# राज्य कर्मचारी संघ की बैठक हुई संपन्न




**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ब्लॉक ईसागढ़ की बैठक का आयोजन रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईसागढ के बैठक कक्ष में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ अशोकनगर के जिला मंत्री प्रदेश महामंत्री भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट महासंघ मध्यप्रदेश के हरिसिंह रघुवंशी(हैरी) एवं मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ अशोकनगर के जिला सचिव विष्णु प्रसाद साहू की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में अशोकनगर तहसील अध्यक्ष विजय रघुवंशी नईसराय तहसील अध्यक्ष राजकुमार रघुवंशी ईसागढ़ तहसील अध्यक्ष राजेन्द्र लोधी के सानिध्य में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। तत्पश्चात बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें प्रांतीय बैठक दतिया के संबंध में विचार विमर्श किया गया तथा कर्मचारी के शिकायती आवेदन पत्र प्राप्त किये गए और मौके पर ही समस्याओं के समाधान दूरभाष पर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से कराए गए।

## बाप बना हैवान, अपनी ही नाबालिग बेटी से किया दुष्कर्म

**पिपरई।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ऐसी दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है, जिसने न केवल इंसानियत को शर्मसार कर दिया, बल्कि पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। जिस पिता को बेटी की सुरक्षा और सम्मान का सबसे बड़ा आधार माना जाता है, उसी ने अपनी ही नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म कर पवित्र रिश्ते को कलंकित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला पिपरई थाना क्षेत्र के कुकरेठा गांव का है। बताया जा रहा है कि आरोपी पिता ने करीब तीन दिन पहले इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। घटना के बाद नाबालिग बेटी गहरे मानसिक सदमे में थी और भय के कारण किसी से कुछ कह पाने की स्थिति में नहीं थी। लंबे समय तक पीड़ा सहने के बाद आखिरकार उसने हिम्मत जुटाई और अपनी आपबीती अपनी मां और भाई को बताई। बेटी की दर्दनाक कहानी सुनते ही परिवार स्तब्ध रह गया। मां ने तत्काल साहस दिखाते हुए पिपरई थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बिना देरी किए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। आरोपी पिता के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## तीन दिन रहेगा सोयाबीन का क्रय-विक्रय बंद

**अशोकनगर।** मंडी सचिव भागीरथ प्रसाद अहिरवार ने बताया कि भावान्तर भुगतान योजना सम्बंधी पोर्टल का अनुरक्षण (मेन्टेनेस) कार्य होने से 30 दिसम्बर 2025 से 01 जनवरी 2026 तक (तीन दिवस) कृषि उपज मण्डी अशोकनगर में कृषि उपज सोयाबीन का भावान्तर पंजीयन अंतर्गत सोयाबीन का क्रय-विक्रय बंद रहेगा। कृषक बंधु उक्त अवधि भावान्तर भुगतान पंजीयन अंतर्गत सोयाबीन विक्रय हेतु मण्डी में न लाएं।उक्त अवधि में गैर भावान्तर अंतर्गत सोयाबीन तथा अन्य कृषि उपजों की नीलामी कार्य पूर्ववत जारी रहेगा।

# नेशनल जुजीत्सु चैंपियनशिप उत्तराखंड में खिलाड़ियों ने 34 मैडल्स जीत रचा इतिहास

**अशोकनगर।** भारतीय जुजीत्सु संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर और जूनियर जुजीत्सु प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के सब जूनियर, जूनियर, बॉयज और गर्ल्स अलग अलग आयु एवं भार वर्ग में 100खिलाड़ियों के दल में अशोकनगर के 27 खिलाड़ियों का चयन किया गया था जिसमें अशोकनगर के जुजीत्सु खिलाड़ियों के द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में 6 गोल्ड और 11 सिल्वर, 15 कांस्य पदक सहित 34 मैडल जीतकर जिले अशोकनगर का और प्रदेश का गौरव बढ़ाया हैं।



प्रतियोगिता में पदक विजेताओं में गौरांश चैरसिया एक गोल्ड एक सिल्वर, ध्रुव लोधी दो गोल्ड,सोनाली पाल ने एक गोल्ड, एक कांस्य,हर्षवर्धन दसोरिया एक सिल्वर,अनुरीत कौर दो कांस्य,शिवन्या चैरसिया एक सिल्वर, उदयवीर केवट एक सिल्वर, निकुंज तिवारी एक सिल्वर, एक कांस्य,नमनप्रीत सिंह दो सिल्वर, आयुष्मान रजावत एक कांस्य अवरीत कौर एक कांस्य,पूनम शर्मा दो कांस्य, अंशिका त्रिवेदी एक ब्रॉउंज,एक सिल्वर, अनुराग बरहा एक ब्रॉउंज, दिशार्थ धुरेंटे एक ब्रॉउंज, शिवार्थ धुरेंटे एक ब्रॉउंज, हरिओम यादव एक ब्रॉउंज, गुरदास सिंह एक, अमरदीप गिल एक ब्रॉउंज, नैन्सी यादव सिल्वर, अवरीत कौर-स्वर्ण पदक अभिजीत राय -स्वर्ण पदक राजदीप सिंह पन्नू - रजत पदक देवस्य गुप्ता रजत पदकदृस्टि रघुवंशी -कांस्य पदक वरदांश मधुकर ने -कांस्य पदक जीता।

हर्षित यादव, अंसदीप सिंह पन्नू, चरणदीप सिंह, गुरनूर सिंह, हरलीन कौर, गुरजोत सिंह, अवनि सुमन, सिद्धि यादव देवांश सेन, पदक से एक एक कदम दूर रहे। खिलाड़ियों ने यह शानदार प्रदर्शन मध्यप्रदेश शासन से विश्वामित्र अवार्डी एन.आई.एस.कोच ब्रजेश धुरेंटे,के मार्गदर्शन में किया टीम विशेष सहयोगी रहे विनोद पाल एवं टीम मैनेजर राधा ओझा, सोनम केवट महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, नगर बापसी पर खिलाड़ियों का रोटरी क्लब अशोकनगर में जोरदार स्वागत किया गया जिसमें विशेष रूप से,वुशू संघ के उपाध्यक्ष श्री धर्मेंद्र रघुवंशी, रोटरी अध्यक्ष अजित जैन, रौशन कोहली ने बच्चों क्रो सम्मानित कर आशीर्वाद प्रदान किया। प्रतियोगिता 23 दिसंबर तक हल्द्वानी के आई.जी.आई. स्पोट्र्स काम्प्लेक्स में चल रही हैं खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर भारतीय जुजीत्सु संघ के अध्यक्ष विनय जोशी, सचिव अमित अरोरा, सहित मध्यप्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग संचालक रवि गुप्ता, मध्यप्रदेश ओलम्पिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, जिला अध्यक्ष दया सिंह, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया आदि ने बधाइयां दी हैं।

समस्याओं के निराकरण की मांग की

# परामर्शदात्री समिति की बैठक में शिक्षक संगठनों ने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर डी एन सिंह ने की। इस मौके पर शिक्षकों से जुड़े विभिन्न संगठनों ने समस्याओं के निराकरण को लेकर सुझाव दिए।



### शिक्षक संघ ने समस्याओं से अवगत कराया

शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने कहा कि ईसागढ़ ब्लॉक में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी किए जाएं एवं जिन्हें क्रमोन्नति मिल गई है,उन्हें वेतन बढ़ाकर लाभ दिया जाए। कई शिक्षक क्रमोन्नति आदेश का इंतजार कर रहे है तो जिनको क्रमोन्नति आदेश मिल गए, वह एरियर का इंतजार कर रहे है। माध्यमिक शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्ति के आदेश जारी किए जावे। ऐसा न होने से उन्हें आर्थिक और मानसिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। वर्ष 2001 में पदस्थ शिक्षकों की 24 वर्षीय क्रमोन्नति आदेश शीघ्र जारी किए जाए। प्रयोगशाला सहायक परिवीक्षा अवधि समाप्त होने के आदेश जारी किए जाएं। बीएसी, सीएसी से प्रतिनियुक्ति समाप्ति के बाद संबंधित शिक्षकों की पदस्थापना काउंसलिंग के द्वारा विद्यालयों में रिक्त स्थानों पर की जाए।

### कर्मचारी कांग्रेस ने कई सुझाव बैठक में दिए

1. अशोकनगर जिले के हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के प्रभारी प्राचार्य वरिष्ठता के आधार पर बनाये जायें। यह बिन्द परामर्शदात्री की पिछली 5 बैठकों से रखा जा रहा किन्तु आज दिनांक तक इसका पालन नहीं किया गया है।

2 शिक्षा विभाग में एक ही स्थान पर एक ही कार्यालय में तीन साल से कार्यरत लिपिकों को बदला जावे।

3 समस्त्त विभागों में 3 वर्ष से एक ही शाखा पर लिपिकों का नवीन शाखा कार्य विभाजन किया जाये।

4 दिव्याग कर्मचारियों के लिये जिला अस्पताल की लिफ्ट चालू करवाई जाये।

5. दिव्यांग कर्मचारियों के लिये शासकीय अस्पताल में दवा वितरण खिडकी अलग से बनाई जावे।

## श्री राम कथा की शुरूआत शिव-पार्वती विवाह से की गई

**शाढ़ौरा।** मंगल मेरिज गार्डन में जारी श्रीराम कथा के दूसरे दिन प्रख्यात कथावाचक अष्टावक्र महाराज ने भगवान शिव और माता पार्वती के अलौकिक विवाह प्रसंग का वर्णन किया। दुसरे दिन की कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। महाराज ने कथा के माध्यम से जीवन के गूढ़ रहस्यों और भारतीय नारी के आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**शिव के त्रिशूल में छिपा है विकारों पर नियंत्रण का संदेश** महाराज जी ने शिव के हाथ में मौजूद त्रिशूल की आध्यात्मिक व्याख्या करते हुए कहा कि जब मनुष्य धर्म मार्ग पर चलता है, तो उसके हाथ में त्रिशूल होना चाहिए। इस त्रिशूल का अर्थ हैकृकाम, क्रोध और लोभ इन तीनों विकारों को अपनी मुट्ठी में बंद रखना। जिसके वश में ये तीन विकार हैं, वही वास्तव में शिव तत्व को समझ सकता है।



### शरीर की नश्वरता राख ही अंतिम सत्य

कथा के दौरान महाराज श्री ने शरीर की तीन गतियों के बारे में बताते हुए श्रद्धालुओं को संसार की नश्वरता का बोध कराया। उन्होंने कहा यदि शरीर त्याग के बाद पड़ा रहा, तो उसमें कीड़े पड़ जाएंगे।यदि किसी पशु ने खा लिया, तो वह विष्ठा (मल) बन जाएगा। और यदि विधिवत जलाया गया, तो मात्र दो मुट्ठी राख (भस्म) ही शेष रहेगी। कथा में भारतीय नारी के त्याग पर भी चर्चा की गई।

## संसार के कड़वे वचन रूपी विष को पीने वाला ही होता है कृष्ण जैसा महानः आचार्य देवमुरारी बापू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मोहरी धाम में श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस कथा सुनाते हुए अंतरराष्ट्रीय धर्म आचार्य जगतगुरु आचार्य देव मुरारी बापू ने कहा भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लेने के बाद सर्वप्रथम उतना का वध किया जबकि स्त्री वर्ग के योग को नहीं होती लेकिन आता ताई और अत्याचारी का वध जरूर करना चाहिए चाहे स्त्री हो या पुरुष इसी तरह राम अवतार में भी श्री राम ने सर्वप्रथम तड़का नामक राक्षसी जो स्त्री थी उसका वध किया भगवान धर्मात्मा की रक्षा करते हैं और दोस्तों को सजा देकर पृथ्वी से समाप्त करते हैं

उन्होंने कहा कि भगवान के जन्म का यही मूल उद्देश्य है साथ में भगवान भक्तों को भी सुख देते हैं बाल लीलाओं में भगवान श्री कृष्ण ने मां यशोदा को सबसे ज्यादा आनंद प्रदान किया क्योंकि पिता से 10 गुना ज्यादा अधिकार मां का होता है इसलिए मां यशोदा भगवान श्री कृष्ण को ओखला में बढ़ने लगी पर ज्ञान बुद्धि से बंधा तो भगवान बांधे नहीं दो अंगुल रस्सी कम पड़ गई जैसे भक्ति भाव से उन्होंने कृष्ण को बांधना चाहा तो बंधन में आ गए भगवान यह कहते हैं की भक्ति के नाते में बंधन में आ जाता हूं भक्तों के कारण ही भगवान मैं आकाश और आकाश और वक्तासुर धेनुकासूर आदि कंस के भेजे हुए सभी राक्षसों का नाश किया इसी क्रम में कथा को आगे बढ़ते देवमुरारी बापू ने कहा कि भगवान ने यमुना के गहरे जल में छिपे हुए कालिया नाग को भी यमुना से बाहर भगा दिया और यमुना के जल को विष से मुक्त किया और ब्रज वासियों को यमुना का जल पीने योग्य बना दिया भगवान श्री कृष्ण ने अभिमानी इंद्र का समाप्त अभियान समाप्त करने के लिए इंद्र की पूजा बंद कर कर गोवर्धन पूजा को प्रारंभ कराया और इंद्र का मान मर्दन किया।



अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

# महाविद्यालय को मिली सौगात, 4 करोड़ की लागत से बनेंगी चार आधुनिक प्रयोगशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ को बड़ी सौगात मिली है। महाविद्यालय में लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से चार आधुनिक प्रयोगशाला कक्ष भवनों का निर्माण किया जाएगा।

यह कार्य उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत किया गया है, जबकि इन भवनों की निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) रहेगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना का भूमिपूजन सांसद रोडमल नागर एवं विधायक मोहन शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के शिक्षा और युवा सशक्तिकरण के विचारों को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।



### निर्माण कार्य को लेकर विधायक ने ठेकेदार को किया अलर्ट

प्रयोगशालाओं के निर्माण को लेकर विधायक मोहन शर्मा ने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि यह मामला सीधे छात्रों के भविष्य से जुड़ा हुआ है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही या समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बच्चों के भविष्य से जुड़ी हुई हैं यह बिल्डिंग। महाविद्यालय के प्राचार्य चेतन त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि नई प्रयोगशालाओं के निर्माण से विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, जिससे अध्ययन, प्रयोग और शोध कार्य को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों छात्रों ने इस सौगात पर अपनी खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, विधायक मोहन शर्मा, एसडीएम सुशील कुमार, पूर्व जनभागीदारी समिति अध्यक्ष भरत झवर, जिला मंत्री सतेंद्र सिंह, पीडब्ल्यूडी मुख्य अभियंता दीपक कुमार, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमेश मालवीया, शिव वैध, जितेंद्र सिंह पंवार, नारायण बाथम, राजेन्द्र कामरेट, रिंकू जाट, विजेंद्र सिंह सिकरवार, विभोर वर्मा, सुदेश पालीवाल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता चिराग शुक्ला, अमन व्यास, भूपेंद्र गुर्जर सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन अटल जी के विचारों को आत्मसात करते हुए शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ किया गया।

# नेवज नदी की पुलिया के टर्न पर अनियंत्रित हुआ बाइक सवार, मौत

## रविवार देर रात्रि हुआ हादसा, परिवार में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



स्थानीय नेवज नदी की रेलिंग विहीन पुलिया पर रविवार रात्रि खोयरी तरफ से आ रहा एक बाइक सवार युवक टर्न पर अनियंत्रित होकर बाइक समेत पुलिया से नीचे जा गिरा। बाइक समेत सीधे नदी में गिरे युवक के सिर में गंभीर चोंट आने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां सोमवार सुबह पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### घुमावदार टर्न पर सीधे पुलिया से नीचे गिरी बाइक

जानकारी के अनुसार स्वर्गीय डॉ. सूरज सेन के पुत्र कल्याण सेन अपनी बाईक से रविवार रात्रि करीब 10 बजे डाक बंगला रोड से वापस अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान नेवज नदी के छोटे पुल के घुमावदार टर्न पर बाइक अनियंत्रित होकर सीधे नदी में जहा गिरी। बाईक सवार कल्याण नदी में जहां गिरा वहां पानी नहीं बल्कि बड़े-बड़े पत्थर थे। ऐसे में कल्याण का सिर सीधे पत्थरों से टकराने से वो अत्यंत गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। रात्रि का समय होने से काफी समय तक किसी को कुछ मालूम ही नहीं हो पाया। बाद में स्थानीय युवाओं और पुलिस को सूचना मिलने पर कल्याण को जिला चिकित्सालय भिजवाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। होनहार युवा की मृत्यु के समाचार से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। उल्लेखनीय है कि मृतक युवक कल्याण हमेंशा समाजसेवा जैसी कार्यों से जुड़े रहते थे वहीं सेन समाज के नगर अध्यक्ष का दायित्व भी उनके पास था।

### रेलिंग विहीन है छोटी पुलिया

आपको बतादें कि नेवज नदी पर रियासतकाल में बनी छोटी पुलिया शुरू से ही रेलिंग विहीन है। कुछ वर्षों पूर्व इसी स्थान पर खोयरी तरफ से साइकिल पर आ रहा एक साईकिल सवार युवक भी सीधा नदी में जा गिरा था जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी।

### डी मार्ट के खिलाफ शहर के व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

**विदिशा।** रविवार को विदिशा आए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा के व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपा। नरेंद्र धनवानी के अनुसार डी मार्ट के कारण स्थानीय व्यापारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। थोक एवं खुदरा व्यापारी, छोटे दुकानदार तथा उनके परिवारजन है जिनका जीवन-यापन स्थानीय व्यापार पर निर्भर है। शहर में डी-मार्ट जैसे बड़े शॉपिंग मॉल शुरू हो जाने से थोक व्यापारियों, रिटेल दुकानदारों तथा छोटे व्यवसायियों के व्यापार पर प्रभाव पड़ेगा।

राजोरिया की अपील किसी तरह का कोई लेनदेन न करें

# मोहनपुरा के अधिकारी के नाम से बनाई फर्जी फेसबुक आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सायबर ठगों एवं ऑनलाइन धोखाघड़ी करने वाले बदमाश नित नई कारस्तानियों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामले में जिले की मोहनपुरा-कुंडालिया वृहद सिंचाई परियोजना के प्रशासक एवं अधीक्षक यंत्री विकास राजोरिया के नाम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके नाम की डुप्लीकेट आईडी बनाने का मामला सामने आया है। जब राजोरिया ने अपने नाम की फर्जी आईडी बनी हुई देखी तो वे हतप्रद रह गए। बाद में उन्होंने अपनी ओरिजनल आईडी से इस संबंध में मेसेज जारी कर लोगों को आगाह किया। उन्होंने अपील की कि संबंधित फ्रॉडर द्वारा बनाई गई आईडी से भेजी जा रही फ्रेंडशिप रिक्वेस्ट स्वीकार न करते हुए किसी तरह का कोई लेनदेन न करें।

### पोलावोरम परियोजना का अधिकारी बताते हुए बनाई आईडी

संबंधित फ्रार्डर ने अपने आपको दक्षित भारत की पोलावोरम परियोजना का अधिकारी बताते हुए उक्त आईडी बनाई है। इसके साथ ही आईडी में एक क्यूआर कोड भी संलग्न किया गया है। राजोरिया ने लोगों से अपील की है कि उनके नाम से बनाई गई उक्त डुप्लीकेट आईडी पूरी तरह फेक है। आईडी में दिए गए क्यूआर कोड में किसी तरह की कोई राशि न डाली जाए। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व राजगढ़ के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा सहित अन्य अधिकारियों के नाम से फर्जी एफबी आईडी बनाने के मामले सामने आ चुके हैं।




# निर्माण विभाग समय-सीमा में जमा करें राजस्व वसूली राशिः कलेक्टर

## खनिज विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए निर्देश


हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को खनिज विभाग की राजस्व वसूली संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जल संसाधन विभाग, पीआईयू, पीडब्ल्यूडी, पीएमजेएसवाय, प्रधानमंत्री सड़क विभाग द्वारा निर्माण कार्य की खनिज राजस्व राशि समय सीमा में जमा नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि रेलवे के निर्माण कार्य में जहां-जहां खनिज अनुमति से खनन हो रहा है, उन ठेकेदारों से भी रायल्टी समय सीमा में जमा करवाई जाए। साथ ही जिन ठेकेदारों ने समय-सीमा में राजस्व वसूली रायल्टी जमा नहीं की हैं, उन्हे नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि खनन क्षेत्र में जितने भी भारीवाहन चलते हैं, सभी पर रेडियम लगाना सुनिश्चित करें। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया कि आवेदनों के आधार पर मशीनों को पोल्युशन बोर्ड की एनओसी नियमानुसार जारी की जाए। इस अवसर पर जिला खनिज अधिकारी मुकेश सिकरवार, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी निधि भारद्वाज भी उपस्थित रहे।



# दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत




**सारंगपुर।** नगर एवं आसपास के क्षेत्र में रविवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इन घटनाओं से क्षेत्र में शोक का माहौल है। पहली घटना रविवार रात करीब 8 बजे नेशनल हाईवे स्थित मिडवेट्रिड के सामने हुई। यहां होटल में कार्यरत कर्मचारी भागीरथ पिता भेरू सिंह मालवीय उम्र 55 वर्षए निवासी ग्राम टीकोंदए ड्यूटी के दौरान सड़क पार कर रहे थे, तभी इंदौर की ओर से आ रही तेज रफ्तार व्रेजा कार क्रमांक एचआर 27 जी 3702 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भागीरथ की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल सारंगपुर भिजवाया गया। वहीं दूसरी घटना सोमवार को समीपस्थ ग्राम भ्याना के पास सडावता मार्ग पर हुई। प्रवचन सुनकर अपने गांव लौट रहे मोटरसाइकिल सवार मदनलाल पिता किसनलाल उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम देवलीसांगा एवं प्रेम पिता बाबूलाल वर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी कड़लावत की बाइक को मैजिक वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों मृतकों के शवों का सोमवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# हिंदू सम्मेलन के लिए शोभा यात्रा व ध्वजा रोहण कार्यक्रम आज



**सुठालिया ।** नगर में आगामी 4 जनवरी रविवार को होने वाले हिंदू सम्मेलन व इस की जन जागृति हेतु भूमि पूजन ध्वजा रोहन शोभायात्रा रविवार को निकाली जाएगी। भव्य शोभायात्रा के तारतम्य में शुक्रवार को हिंदू सम्मेलन के आयोजन में महिलाओ ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए नगर के मुख्य बाजार सहित लोधी मोहल्ला मेन मार्केट ब्यावरा रोड बस स्टेंड आदि क्षेत्र में भ्रमण कर जन जागृति हेतु घर घर आमंत्रण पत्र वितरित किए व प्रत्येक घर से महिलाओ को हिंदू सम्मेलन एवं शोभायात्रा में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण दिया।

बता दें कि 4 जनवरी रविवार को आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन की तैयारी इन दिनों नगर में जोरों पर चल रही है नगर को केसरिया ध्वज पताकाओ से सजाया गया है। शोभायात्रा रविवार दोपहर बारह बजे नगर के बस स्टेंड जीन मैदान से डीजे ढोल आतिशबाजी के साथ शुरू होगी इसके पहले यहां नगर के विभिन्न क्षेत्रों से उप यात्रा आकर शामिल होगी शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सम्मेलन स्थल सरस्वती शिशु मंदिर के मैदान में पहुंचेगी जहां पूर्ण विधिविधान के साथ भूमि पूजन व ध्वजा रोहन किया जाएगा।

# विभाग ने रेशम तकनीकी पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की



**सारंगपुर।** रेशम विभाग राजगढ़ द्वारा सोमवार को स्थानीय रेशम केंद्र पर रेशम हितग्राहियों को उन्नत तकनीक की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कृषक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में क्षेत्र के रेशम पालक किसानों एवं हितग्राहियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यशाला में कनिष्ठ रेशम निरीक्षक दिलीप जैन ने रेशम किट पालन की नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही तापमानए स्वच्छताए पौष्टिक आहारए समय पर दवा उपयोग तथा वैज्ञानिक पद्धति से पालन करने पर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकते हैं। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओंए अनुदान, प्रशिक्षण एवं उपकरण सहायता की जानकारी देते हुए किसानों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता आशुतोष वैध द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। आभार प्रदर्शन तकनीकी सहायक बाबूलाल कोठार ने किया। इस अवसर पर हितग्राही राजू बाईए भूरी बाईए कृष्णा बाई, विक्रम सिंहए अंतर बाई सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं साझा कीं तथा विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किए। अंत में सभी हितग्राहियों को रेशम उत्पादन को आय का सशक्त साधन बनाने हेतु प्रेरित किया गया।

# महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में अटल जन्मशताब्दी वर्ष अंतर्गत कार्यक्रम हुए

**सारंगपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

इसी क्रम में सोमवार को महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा अटल जी की कल्पना पर आकर्षक रंगोली सजाकर की गई। रंगोली के माध्यम से छात्राओं ने अटल जी के आदर्शों, राष्ट्रभक्ति और उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों को कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए अटल जी के जीवन, उनके संघर्षए सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, कुशल नेतृत्व तथा देश के विकास में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पदए नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, मंडल महामंत्री कमल राठौर, विद्यालय के प्राचार्य दिनेश गुप्ता, समाजसेवी नवीन रुण्डवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अटल जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके विचारों को आत्मसात करना आज के समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में शिक्षिका दीपिका बंसल, दीपाली सक्सेना, अनीता तिवारी, प्रीति शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर अटल जी के आदर्शों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।




# ब्यावरा पब्लिक स्कूल में रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

## भाजपा मंडल ने बच्चों को अटलजी की स्मृति चिन्ह से पुरस्कृत किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री साहित्यकार प्रखर वक्ता अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस को अटल शताब्दी वर्ष के रूप में मनाते हुए भारतीय जनता पार्टी मंडल ब्यावरा द्वारा सप्ताहिक कार्यक्रमों के निमित्त ब्यावरा मंडल में रंगोली एवं चित्रकला ,निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 29 दिसंबर को ब्यावरा पब्लिक स्कूल में बेटियों ने शानदार रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया।

बच्चों ने बेहतरीन अटलजी के रंगोली बनाकर संदेश दिया। भाजपा मंडल ब्यावरा ने रंगोली में प्रथम द्वितीय व तृतीय आई बेटियों को अटल जी का स्मृति चिह्न भेंट किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने अटल जी का व्यक्तित्व के बारे में सभी को बताया। भारतीय राजनीति के एक बेहतरीन विचारक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को कीचड़ से मुक्ति दिलाते हुए प्रधानमंत्री सड़क का तोहफा दिया है आज सड़कों से गाँव को जोड़ने का जो काम हुआ है वह हमारे प्रधानमंत्री अटल जी ने किया है। इस कार्यक्रम में उपस्थित मंडल महामंत्री दीपक समारे, सुमीत सोलंकी, युवा मोर्चा जिला मंत्री चंदन जादौन युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गिर्राज लवंशी लखन लोदी, कपिल मीना, ऐलकर राव, आशिफ उल्ला और समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सम्राट विक्रमादित्य एकेडमी में खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया, विधायक ने बढ़ाया हौसला

**नरसिंहगढ़।** सम्राट विक्रमादित्य एकेडमी में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शैक्षणिक एवं खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में नेशनल प्लेयर चेस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभा पाठक, कक्षा 10वीं की स्टेट टॉपर पालीवाल, कक्षा 10वीं के स्कूल टॉपर अनन्या वर्मा, कक्षा 12वीं की स्कूल टॉपर प्रिया साहू तथा नेशनल प्लेयर तीरंदाजी में चयनित लक्ष्य परमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि ग्रामीण व अर्धशहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर सफलता हासिल करना गर्व की बात है। उन्होंने शिक्षा के साथ खेलों में भी निरंतर आगे बढ़ने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से दीपेंद्र दास, जिला मंत्री सत्येंद्र सिंह राठौड़, पत्रकार संघ अध्यक्ष विजयपाल सिंह परमार कान्हा बना, रेड क्रॉस सचिव संजय शेखर शर्मा, स्कूल संचालक कृष्ण पाल सिंह परमार, प्राचार्य विजेंद्र वंशीवाल, वाइस प्रिंसिपल सुनील दांगी, प्रकाश दांगी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ किया गया।




### बगावत 11 ने जीता फाइनल मुकाबला



**ब्यावरा।** सोमवार को ब्यावरा क्लब ग्राउंड पर हुए टूर्नामेंट का फाइनल बगावत 11 ने जीता। राहुल पीपलोटिया टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में शामिल होकर विजेता टीम बगावत 11 कप्तान अंकित मीना एवं समस्त टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं 11 हजार रुपए का इनाम हासिल किया। फाइनल मुकाबले में महादेव 11 और बगावत 11 के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें बगावत 11 ने विजय हासिल कर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि आशीष मीना युवा भाजपा नेता रहे। मीना ने खिलाड़ियों बगावत 11 के अंकित मीना कप्तान, रोहित यादव, सूरज मीना, देबू यादव, कबीर सिंह, हरिओम यादव, कमल शर्मा, दीपक मीना, भगवान सिंह, अभिषेक सेन, अंकित भिलाला, राजा यादव को बधाई दी। फाइनल मैच में देबू यादव ने विनिंग शॉर्ट खेल कर बगावत 11 को विजेता बनाया। इस अवसर पर गाड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
राजगढ़ जिले में एजेन्सी देना है।
पचोर, बोड़ा, तलेन, इकलेरा, भयाना, माचलपुर, ब्यावरा, करनावास, भैसावामाता, हराना, छापीहेड़ा
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042